प्रारुप–6

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

**परियोजना का नाम :–एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के विकासखण्ड भैसियाछाना के नौगांव से कनारीछिना मोटर मार्ग का नवनिर्माण(लम्बाई 2.015 किमी0)।**

आज दिनांक 08/04/2018 को निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 अल्मोड़ा द्वारा प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग कि ओर से श्री राजेन्द्र कुमार पाण्डे (व० र०) वनरक्षक राजस्व विभाग कि ओर से श्री राजेन्द्र प्रसाद (रा०उ०नि०)........,एवं प्रस्तावक विभाग कि ओर से श्री किशोर पटवाल अपर सहायक अभियन्ता एवं श्री गोविन्द सिहं कनवाल अमीन द्वारा भाग लिया गया। प्रश्नगत परियोजना को बनाये जाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनों के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि समाजिक आवश्यकता/परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो संमरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 485 मी0 नाप भूमि, 1380 मी0 सिविल वनभूमि 150 मी0 वन पंचायत भूमि प्रभावित होगी इस समरेखन के चयन में कुल 0.4365 है0 नाप भूमि, 1.242 है0, सिविल भूमि 0.135 वन भूमि कि आवश्यकता होगी। जिसमें से कुल 1.377 है0 भूमि की हस्तान्तरण कि आवश्कता होगी। इस समरेखन पर/चुने हुए स्थल पर लगभग 46 वृक्ष चीड, आम् प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। इस समरखेन के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि में, 900(मी0) सिविल भूमि से, 1400 (मी0) वन पंचायत भूमि 300 (मी0) प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.377 है0 नाप भूमि 0.81 है0 1.26 है0 सिविल भूमि, 0.27 है0 वन पंचयात भूमि जिनमें से कुल 2.34 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 50 वृक्ष चीड़ एवं आम प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से.......शून्य.......बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

सिविल तथा नाप भूमि पर चीड़ प्रजाति के वन है जिनका वर्तमान वन आच्छादन......... है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का मान 29°42'19.288''N है तथा यह स्थल नौगांव नामक स्थान पर स्थित है जिसका GPS मान 79°49'5.324''E है।
चयनित समरेखन में कुल 46 पौधों को अन्य स्थानन्तरित किया जाना आवश्यक होगा।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसका निस्तारण नाप भूमि में किया जायेगा।

अन्य आवश्यक विवरण हेतु मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है। मोटर मार्ग के निर्माण होने से ग्रामवासियों को आवागम की सुविधा प्राप्त होगी एवं ग्रामवासियों का पलायन नहीं होगा। जिस हेतु मोटर मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक है।

| हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (अन्य दावेदार) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|---|

प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा.

जिला अधिकारी अल्मोड़ा.

सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०

राजस्व उप निरीक्षक